गणपति बप्पा मोरया

दादर-टू-सिद्धिविनायक मेट्रो टनल तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो-३ कॉरिडोर के टनल निर्माण का काम काफी तेज गति से चल रहा है। कल दादर से सिद्धिविनायक मंदिर तक अंडर ग्राउंड टनल का निर्माण पूरा हुआ। १.१० किमी लंबा टनल तैयार करने के लिए २९५ दिनों का समय लगा। कल जैसे ही दादर से सिद्धिविनायक मंदिर के पास मेट्रो का यह टनल आर-पार हुआ तो सभी मेट्रो के इंजीनियरों ने 'गणपति बप्पा मोरया' के नारों के साथ इसका स्वागत किया।

- **१.१० किमी लंबा सफर**
- **२९५ दिनों में किया गया तय**

भक्तों की राह होगी आसान

सिद्धिविनायक गणपति के दर्शन के लिए रोजाना हजारों की संख्या में भक्त शहर के विभिन्न हिस्से से मंदिर पहुंचते हैं। गणेश भक्तों को आसानी से मंदिर तक पहुंचने के लिए दादर से सिद्धिविनायक मंदिर के करीब मेट्रो टनल निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है। इस टनल के जरिए दादर से कुछ ही मिनटों में भक्त बप्पा के दर पर पहुंच सकेंगे। १.१० किलोमीटर लंबे टनल का निर्माण कार्य मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने २९५ दिनों में पूरा किया है। सड़क मार्ग के अलावा रोजाना हजारों भक्त रेल मार्ग से भी बप्पा के दर्शन के लिए दादर पहुंचते हैं। दादर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद भक्त बस या टैक्सी के माध्यम से मंदिर तक का सफर तय करते हैं। मेट्रो-३ कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भक्तों को सिद्धिविनायक के दर तक पहुचने के लिए मेट्रो के रूप में एक और विकल्प उपलब्ध होगा।

टनल निर्माण में लगे ७९१ रिंग्स

कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच ३३.३ किलोमीटर लंबा मेट्रो का भूमिगत्त मार्ग तैयार किया जा रहा है। दादर से सिद्धिविनायक तक १.१० किमी लंबे टनल को बनाने का काम टनल बोरिंग मशीन कृष्णा-२ (टीबीएम) ने किया है। करीब २९५ दिनों में सीमेंट के ७९१ रिंग्स की सहायता से यह टनल तैयार की गई है।

यात्री सुविधा का खयाल

एमएमआरसीएल के अनुसार मेट्रो-३ कॉरिडोर के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक सिद्धिविनायक स्टेशन होगा। यात्रियों की संख्या को देखते हुए स्टेशन परिसर में भी यात्री सुविधाओं का पूरा खयाल रखा गया है। सिद्धिविनायक मेट्रो स्टेशन के साथ ही कफ परेड, बीकेसी और इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्टेशन पर २० हजार से ४० हजार वर्ग फुट की जगह पर यात्रियों को विभिन्न सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। वहीं अन्य स्टेशनों पर ३०० से १००० वर्ग फुट तक की जगह पर सुपर मार्केट, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा।

९४ प्रतिशत टनल तैयार

३३.३ किमी लंबी मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो मार्ग पर टनल तैयार करने का काम ९४ प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। एमएमआरसीएल के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल के मुताबिक, पूरे मार्ग पर खुदाई का काम ९५ प्रतिशत तक हो गया है। पूरे मार्ग पर निर्माण कार्य ६० प्रतिशत और पूरे कॉरिडॉर का कार्य ८७ प्रतिशत तक हो गया है। पैकेज-४ के तहत शीतलादेवी और दादर मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। दादर स्टेशन का कार्य ६१ प्रतिशत तक कर लिया गया है।

३२ टनल तैयार

सिद्धिविनायक के करीब टनल तैयार कर अब तक पूरे मार्ग पर ३२ टनल तैयार कर लिया गया है। १७ टीबीएम मशीनों की मदद से भूमिगत मार्ग तैयार किया गया है। मौजूदा समय में बचा हुआ काम ७ टीबीएम मशीन कर रही हैं। एमएमआरसीएल ने आगामी कुछ महीनों में टनल निर्माण का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।